BULANDSHAHRPOLICE

दिनांक- 04 सितम्बर, 2024 **साइबर क्राइम पुलिस थाना**

आनलाइन ठगी किये गये कुल 17,82,378/- रुपये साइबर क्राइम थाना पुलिस द्वारा अथक परिश्रम कर बैंक खाते में वापस करायें।

दिनांक 09-01-2024 को आवेदक दिलीप वर्मा पुत्र स्व0 सोहन लाल निवासी शिवपुरी थाना कोतवाली सीतारपुर (हाल तैनाती आवकारी विवेचक क्षेत्र शदर बुलन्दशहर) द्वारा थाना कोतवाली नगर में एक शिकायत की गयी जिसमें अज्ञात व्यक्ति द्वारा भिन्न-भिन्न माध्यम से आवेदक की पत्नी व माता जी के बैंक खाते से कुल 21,05,225/- रूपयों की आनलाइन ठगी/निकासी किये जाने के आरोप अंकित किये गये थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर के निर्देशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक अपराध के कुशल मार्गदर्शन में साइबर क्राइम पुलिस थाना बुलन्दशहर द्वारा अथक परिश्रम करते हुए आवेदक से ठगे गये 17,82,378/- रुपये बैंक खाते में वापस कराये गये। आवेदक द्वारा आज दिनांक 04.09.2024 को पुलिस लाइन स्थित साइबर क्राइम पुलिस थाना में उपस्थित होकर साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम के कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

सावधान:- किसी अनजान व्यक्ति से खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नम्बर इत्यादि साझा न करें।
खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरन्त 1930 पर कॉल करें।

साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम-

1- श्री सतीश कुमार पुरी प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम
2- निरीक्षक श्री रामखिलाडी यादव
3- उ0नि0 अफरोज खान
4- क0ऑ0 प्रिन्स त्यागी

मीडिया सैल बुलन्दशहर